## एक नजर में

### जामनेर में नैत्र परीक्षण शिविर आयोजित



**शुजालपुर, 7 अप्रैल.** स्व. कन्हैया लाल गोयल की स्मृति में सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र शुजालपुर मंडी द्वारा नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर माता मंदिर ग्राम जामनेर में आयोजित किया गया, जिसमें 105 मरीजों की आंखों की जांच डॉक्टर जसवंत यादव, नेहा सोनी ने कर 18 मरीजों का चयन ऑपरेशन के लिए किया, जिनको 10 अप्रैल को शुजालपुर मंडी से संत हिरदाराम नगर ले जाया जाएगा. केंद्र प्रभारी खुशीराम आचार्य, ललित गोयल, लक्ष्मी नारायण धाकड़, हरिनारायण परमार, रमेश परमार आदि का सहयोग रहा.

### पुण्यतिथि पर व्हीलचेयर भेंट की



**शुजालपुर, 7 अप्रैल.** वरिष्ठ समाजसेवी व श्री खाटू श्याम सेना ट्रस्ट शाजापुर जिला अध्यक्ष डॉक्टर सुशील कुमार गेहलोत की अपनी माताजी की 14वीं पुण्यतिथि के अवसर पर अकोदिया शासकीय चिकित्सालय में व्हीलचेयर भेंट की. उल्लेखनीय है कि डॉक्टर गेहलोत समय-समय पर सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहते हैं. व्हीलचेयर भेंट करने के दौरान डॉक्टर नरेंद्र चौधरी, श्याम बैरागी, अखिलेश डूमाने, रामनारायण कुशवाह, डॉक्टर सुशील कुमार गेहलोत, कमलेश अग्रवाल, कमल प्रजापति, दीपक अग्रवाल, प्रकाश केवट आदि उपस्थित थे.

### बगड़ावत धाम में ज्वाला मैया ने दिए भक्तों को दर्शन



**सुसनेर, 7 अप्रैल.** चैत्र नवरात्रि की अष्टमी पर देर रात आगर रोड स्थित पुष्पक कॉलोनी के बगड़ावत धाम में विशेष पूजा-अर्चना की गई. यहां मातारानी के सेवक सुरेश पाटीदार बा के शरीर में मैया ने भक्तों को दर्शन दिए. ज्वाला मैया के रूप में माता ने भक्तों को सुख सम्रद्धि का आशीर्वाद प्रदान किया. सुरेश जी पाटीदार बा ने अपने एक हाथ में अग्नि से प्रज्वलित खप्पर को उठाकर तो दूसरे हाथ में तलवार थामें मातारानी की आरती की. इस दौरान बड़ी संख्या में श्रृद्धालुजन मौजूद रहे.

### आज लगेगा ब्लॉक स्तरीय पुस्तक मेला



**शुजालपुर, 7 अप्रैल.** शासन के निर्देशानुसार जपदशिक्षा केंद्र शुजालपुर में अनुभाग के समस्त अशासकीय संस्थाओं की आवश्यक बैठक आयोजित की गई, जिसमें मंगलवार को होने वाले ब्लॉक स्तरीय पुस्तक मेले के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी गई. ज्ञात हो कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले के समस्त अनुभाग में आगामी 8 अप्रैल को सभी अशासकीय संस्थाओं द्वारा मेले में अपने अपने स्टॉल लगाकर अपनी संस्थाओं में लागू सभी पाठ्यक्रम के प्रदर्शन के साथ ही शाला में लगने वाली गणवेश को भी प्रदर्शित कर पालकों को बताया जाएगा. साथ ही सभी फर्म जो पुस्तक और गणवेश का विक्रय कर रहे हैं, वो भी अपनी-अपनी स्टॉल के माध्यम से अपना प्रजेंटेशन देंगे. बैठक में बीआरसीसी सुरेंद्र गोखले, बीएसी राकेश पांचाल, रोशन परमार, जनशिक्षक संजय देशमुख ने बैठक में आवश्यक निर्देश दिए.

### कक्षा एक में अधिक से अधिक नामांकन हों



**शुजालपुर, 7 अप्रैल.** जनपद शिक्षा केंद्र शुजालपुर द्वारा आयोजित स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत ब्लॉक में आने वाले जनशिक्षाकेंद्र के सभी शाला प्रभारियों की आवश्यक बैठक का आयोजन पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शुजालपुर मंडी में हुआ. बैठक में नवीन शैक्षणिक सत्र के अंतर्गत होने वाले प्रवेश उत्सव 2025-26 पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर सभी प्रभारियों से आह्वान किया गया कि उत्साह के साथ प्रवेश उत्सव मनाया जाए एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी उसमें सम्मिलित करें. प्रवेश उत्सव के पूर्व सभी आवश्यक तैयारियों कर लें. इसके अतिरिक्त नवभारत साक्षरता, अपार आईडी, एफएलएन मेला, नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण, कक्षा एक में अधिक से अधिक नामांकन, सर्वे कार्य सहित अनेक बिंदुओं पर जनशिक्षा केंद्र प्रभारी एवं प्राचार्य अल्पना राणा, बीआरसी सुरेंद्र गोखले, बीएसी मनोहर सिंह यादव एफएलएन प्रभारी संजय राजपूत, मनराज परमार ने की. कार्यशाला का संचालन जनशिक्षक गिरीश नाथ ने किया. इस अवसर पर जन शिक्षक लाड़सिंह कुशवाहा, उदय परमार, धर्मेंद्र यादव, संजय देशमुख, धनपाल चंद्रवंशी, मुकेश परिहार, महेश परमार, अखिलेश चंद्रवंशी, बलदेव नागोदिया, विष्णु राय एवं संतोष परमार सहित ब्लॉक की समस्त शालाओं के शाला प्रमुख उपस्थित रहे.

### रोटावेटर मशीन की चपेट में आया युवक, मौत

**सुसनेर, 7 अप्रैल.** सोमवार को समीपस्थ ग्राम ढोलाखेडी में रोटावेटर मशीन की चपेट में आने से भगवानसिंह मेघवाल की मौत हो गई. जिसके शव को परिजनो के द्वारा पुराना बस स्टेंड स्थित शासकीय सिविल अस्पताल में लाया गया यहा पर डॉक्टर द्वारा उसके शव का पोस्टामार्टम किया गया है. पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम करते हुए जांच शुरू कर दी है.

# गली-मोहल्लों से लेकर हाईवे तक 'मवेशी राज'

## पशु मालिक सड़कों पर छोड़ रहे अपने मवेशी, बिगड़ रही व्यवस्थाएं, हादसों का भी डर

**शाजापुर, 7 अप्रैल. बात स्वच्छता सर्वेक्षण की हो या फिर नगर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने की. इसमें सबसे बड़ा रोड़ा नगर के आंतरिक मार्गों से लेकर हाईवे और गली-मोहल्लों में जमा मवेशी हैं. कुछ माह पहले तक इन मवेशियों में से अधिकांश निराश्रित मवेशी थे, लेकिन इसके बाद नगर पालिका द्वारा अभियान चलाया गया और निराश्रित मवेशियों को पकड़कर गौशाला भेज दिया गया. इससे लगा था कि अब नगर की व्यवस्था सुधरेगी, लेकिन नगर में अभी भी मवेशी सड़कों पर पसरे हुए हैं.**

खास बात यह है अब इन मवेशियों में से अधिकांश मवेशी विभिन्न पशु मालिकों के हैं. जो अपने मवेशियों को सड़क पर खुला छोड़ देते हैं, जिससे परेशानी यथावत बनी हुई हैं. दरअसल, नगर की सड़कों पर बड़ी संख्या में निराश्रित मवेशी खुले में घूमते हुए दिखाई दे रहे थे, जिससे सड़क पर जाम लगना तो आम बात हो गई थी. वहीं हर कोई इन मवेशियों के कारण परेशान रहता था. मवेशियों की धमा चौकड़ी के कारण कई लोगों का नुकसान भी हो चुका है. कई बार लोग इनका शिकार भी बन चुके हैं.



मवेशियों के कारण लगातार बढ़ती परेशानी को देखते हुए नगर पालिका द्वारा मवेशियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया गया. इसमें नगर में यहां-वहां घूमते निराश्रित मवेशियों को पकड़कर ग्राम बोर्डी स्थित गौशाला में पहुंचा दिया गया, जिससे लोगों को कुछ हद तक तो राहत मिली, लेकिन अब फिर से परेशानी बढ़ गई हैं.

### समझाईश के बाद भी नहीं मान रहे पशु पालक

नपा के अनुसार पूरे नगर से करीब 200 से ज्यादा निराश्रित मवेशियों को पकड़कर गौशाला पहुंचाया गया था. इधर, नगर में कुछ समय पहले पशु मालिकों को समझाईश भी दी गई थी कि वे अपने पशुओं को बांधकर रखें. जिससे ये पशु नगर की सड़कों पर न घूमें और किसी को भी परेशानी नहीं हो, लेकिन कुछ दिन की व्यवस्था के बाद फिर से पशु मालिक लापरवाह हो गए, जिससे नगर की सड़कों पर अब पशु मालिकों के मवेशी घूमते और धमाचौकड़ी करते दिखाई देते हैं.

### सख्त कार्रवाई हो, तो सुधरे व्यवस्था...

जानकारी के अनुसार नगरीय क्षेत्र में घूमने वाले निराश्रित मवेशियों को ग्राम टांडा बोर्डी की गौशाला में वाहनों में भरकर पहुंचाया गया. इसके बाद भी समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है. क्योंकि नगर के पशु मालिकों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है. पूर्व में पशु मालिकों को अपने पशुओं को सड़क पर खुला नहीं छोड़ने के लिए चेतावनी दी गई थी, लेकिन इसके बाद कोई कार्रवाई नहीं की गई. जिससे पशु मालिक आज भी अपने मवेशियों को सड़कों पर खुला छोड़ रहे हैं. यदि नपा द्वारा ऐसे पशु मालिकों पर कार्रवाई की जाए, तो समस्या का समाधान हो सकता है.

### इनका कहना है

*नगर में से करीब 200 से ज्यादा निराश्रित मवेशियों को ग्राम टांडा बोर्डी की गौशाला में पहुंचाया गया है. इसके बाद भी नगर की सड़कों पर मवेशी दिखाई दे रहे हैं. इसका कारण है कि कई मवेशी मालिक अपने मवेशियों को सड़क पर खुला छोड़ देते हैं, जिससे परेशानी हो रही है. पूर्व में मवेशी मालिकों को इसके लिए सख्त हिदायत दी गई थी. अब सड़क पर मवेशियों को छोड़ने वाले पशु मालिकों पर कार्रवाई की जाएगी.*

*- डॉ. मधु सक्सेना, सीएमओ, नगर पालिका-शाजापुर*



# कांग्रेसियों ने फूंका मुख्यमंत्री का पुतला

**सुसनेर, 7 अप्रैल. सोमवार को सुसनेर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सौरभ शर्मा की जमानत का विरोध किया. उज्जैन-झालावाड राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित डाक बंगला तिराहे पर विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की. यहां पर पुलिस ने सीएम को पुतले पर पानी डालकर बुझाने का प्रयास भी किया, लेकिन पुलिस के बुझाने से पहले ही पुतला पूरा जल चुका था.**



इस अवसर पर इस अवसर पर जिला अध्यक्ष बंशीलाल पाटीदार, वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु प्रसाद पाटीदार, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष आशिक हुसैन बोहरा, ब्लॉक महामंत्री दीपक राठौर, निक्कू लाला, गोविंद चंदेल, वारिस मंसूरी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे. उल्लेखनीय है की मध्य प्रदेश के बहुचर्चित भ्रष्टाचार के मामले में परिवहन विभाग में पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा को लोकायुक्त कोर्ट से जमानत मिलने को लेकर सियासत तेज है. कांग्रेस इसका जगह-जगह विरोध कर रही है और प्रदेश सरकार पर आरोप लगा रही है. जिलाध्यक्ष बंशीलाल पाटीदार ने भाजपा की सरकार में भ्रष्टाचार बढ रहा है, जनता की काली कमाई लूटी जा रही है. पुलिस प्रशासन सौरभ शर्मा जैसे लोगो के खिलाफ चालान तक जमा नहीं कर पा रही है. जब तक भाजपा के शासन में ठैका पद्धित बंद नही कर देंगे तब तक कांग्रेस पार्टी लडाई लड़ती रहेगी.

### विधायक ने किया सीसी रोड का भूमि पूजन

**शाजापुर, 7 अप्रैल.** ग्राम बेरछा में रविवार को विधायक अरुण भीमावद ने नाकोड़ा धाम से मुख्य मार्ग तक बनने वाले सीसी रोड का भूमिपूजन किया, जिसका निर्माण जल्द ही शुरू होगा और रहवासियों को सुविधा मिलेगी. दरअसल, लंबे समय से लोगों द्वारा इसकी मांग की जा रही थी. इसे लेकर रहवासियों ने विधायक अरुण भीमावद से भी चर्चा कर सीसी रोड हेतु निवेदन किया था, जिसे स्वीकार करते हुए उन्होंने इसे स्वीकृत करवाया. वहीं रविवार को राम नवमी के शुभ अवसर पर सीसी रोड का भूमिपूजन किया. भूमिपूजन कार्यक्रम में बेरछा भाजपा मंडल अध्यक्ष राधेश्याम गुर्जर, जुगल नाहर, महामंत्री दिलीप चौधरी, सरपंच जीपी नाहर, ललित जैन, राजेश नाहर, मनोज जैन, दिलीप जैन, सुरेश जैन, किशोर जैन, संतोष जैन, संजय जैन उपस्थित थे.

# 132 केव्ही सब स्टेशन पर लगी आग



**शुजालपुर, 7 अप्रैल. सिटी-मंडी फोरलेन पर अकोदिया नाके समीप स्थित विद्युत कंपनी के 132 केव्ही सब स्टेशन पर सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात को तकनीकी खराबी के चलते सब स्टेशन पर लगे उपकरण में आग लग गई.**

यह घटना रात लगभग 1.30 बजे होना बताया गया. ट्रांसफार्मर में लगी आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया, इस घटना में कोई भी हताहत नहीं हुआ. हालांकि कुछ समय के लिए नगर सहित आसपास के क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति प्रभावित हुई. विद्युत कंपनियों के कर्मचारियों की सूचना पर नपा की दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया.

### हसन रजा बने प्रदेश सचिव



**शुजालपुर, 7 अप्रैल.** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर अखिल भारतीय कांग्रेस सचिव महेन्द्र जोशी एवं कुणाल चौधरी की अनुशंसा पर कांग्रेस सोशल मीडिया प्रदेश अध्यक्ष चंचलेश व्यास ने हसन रजा कुरैशी को सोशल मीडिया एंड आईटी सेल विभाग के प्रदेश सचिव पद पर नियुक्त किया. उनकी नियुक्ति पर पूर्व मंत्री एवं विधायक हुकुम सिंह कराड़ा, प्रदेश महासचिव रामवीरसिंह सिकरवार, प्रदेश सचिव गजेन्द्र सिसोदिया, जिलाध्यक्ष नरेश्वर प्रताप सिंह, रचना जैन, नरेश कप्तान, मंगल सिंह राठौड, अशोक परमार, केदार मेवाड़ा, अचल सिंह मेवाड़ा, जयंत सिकरवार, रईस पठान, कैलाश उपलावदिया, कैलाश कुशवाह, महेन्द्र नाहर, अन्नू पठान, मोहन सिंह परमार, शरीफ पठान, जीवन राणा, बल्ला सोनी, सिद्दीक पठान, गोपाल प्रजापति सहित अन्य कांग्रेसजनों ने हर्ष व्यक्त किया है.

# मां बीजासन के दरबार में लगा छप्पन भोग



**शुजालपुर, 7 अप्रैल.** शहर से सटे हुए ग्राम श्यामपुर स्थित मां बीजासन दरबार में चैत्र नवरात्रि के चलते 9 दिनों तक धार्मिक आयोजन हुए. यहां पर नवमी को माता के समक्ष छप्पन भोग सजाया गया. साथ ही जारी हवन की पूर्णाहुति दी गई. इस अवसर पर माता की प्रतिमा का आकर्षक श्रृंगार किया गया. हवन पंडित कृष्ण कुमार व्यास के सान्निध्य में हुआ, बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहूति देते हुए सुख-समृद्धि की कामना की. राम नवमी के अवसर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी हुआ, जिसमें सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियां दी गई. इसी प्रकार चितोड़ा में भी रामनवमी के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया. इस दौरान परम्परागत रूप से बनने वाले मालपुआ को लोगों ने प्रसादी के रूप में ग्रहण किया. कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुए.

# शहर में घूम रहा था जिला बदर आरोपी टीपू

## पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर पकड़ा

**शुजालपुर, 7 अप्रैल. विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त एक आरोपी को जिला दंडाधिकारी ने एक वर्ष के लिए जिलाबदर किया था, यह आरोपी शुजालपुर शहर में घूमता हुआ मिला, जिसे पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर गिरफ्तार किया. थाना प्रभारी शुजालपुर सिटी प्रवीण कुमार पाठक ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में अपराध रोकथाम के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही है. उक्त कार्यवाही के दौरान जिला बदर कुख्यात बदमाशों की धरपकड़ की जा रही है.**



बताया जाता है कि अनुभाग शुजालपुर मे कुख्यात बदमाश टीपू उर्फ साजिद पिता सफीक खां 23 वर्ष निवासी खारा कुआं शुजालपुर सिटी, जो कि हत्या का प्रयास, बलवा, मारपीट, चोरी, अवैध हथियार रखने आदि आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है. इस अपराधी की गतिविधियां पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस के प्रतिवेदन पर जिला दंडाधिकारी शाजापुर ने 8 जुलाई 2024 को जिलाबदर आदेश जारी करते हुए आरोपी को 1 वर्ष की अवधि के लिए जिलाबदर किया गया था. रविवार को मुखबीर से सूचना मिली कि जिलाबदर बदमाश टीपू उर्फ साजिद मलकपुरा चौक शुजालपुर सिटी में घूम रहा है. इस सूचना के बाद पुलिस टीम सक्रिय हुई और घेराबंदी कर शातिर जिला बदर बदमाश टीपू उर्फ साजिद को गिरफ्तार किया गया. इस कार्यवाही में थाना प्रभारी शुजालपुर सिटी प्रवीण कुमार पाठक, उनि एनिम टोप्पो, सउनि छोटूलाल सिसोदिया, प्रआर चालक सुनील, आरक्षक रविकांत यादव, आरक्षक मांगीलाल लववंशी, आरक्षक बलराम वर्मा, महिला आरक्षक मंजू मालवीय की मुख्य भूमिका रही.

## एक नजर में

### जिम्मेदार बेखबर, मनमर्जी के स्टापेज बन सकते है दुर्घटना का कारण

# हाईवे पर खड़े हो रहे वाहन, भारी पड़ सकती है लापरवाही!

**सुसनेर, 7 अप्रैल. उज्जैन झालावाड़ नेशनल हाइवे 552जी पर कृषि उपज मंडी चौराहे के समीप बड़ी संख्या में 4 पहिया वाहन, टैक्टर-ट्राली व पिकअप वाहन खड़े किये जा रहे है. यह लापरवाही कभी भी भारी पड़ सकती है. इस अनदेखी के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है. जिम्मेदारो को पहले से ही पता है कि इस मार्ग पर कई तरह के भीषण सड़क हादसे हो चुके है. बावजूद उसके वे आंखे बंद किये बैठे है.**



इस क्षेत्र में मुख्य चौराहों के समीप सड़क किनारे ही वाहन खड़े किए जा रहे है, वह भी स्पीड ब्रेकर के समीप. इसके कारण लोगों को इस प्रकार स्थिति के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ता है. हाईवे पर अधिकांश जगहों पर ऐसे नजारें आम तौर पर दिखाई देते है. स्मरण रहे कि इस हाइवे पर आए दिन हादसे हो रहे हैं, और कई लोग घायल हो रहे है तो कई जान भी गंवा रहे हैं. हाईवे पर जिन परिस्थितियों के कारण हादसे हो रहे हैं, उन पर किसी का ध्यान नहीं है. हालांकि कुछ महीनों पूर्व एसपी विनोद कुमार सिंह के निर्देश पर नगरीय सीमा क्षेत्र में हाइवे पर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये स्पीड ब्रेकर बनाए गए थे, जिस वजह से हादसो के ग्राफ में कमी आई है. लेकिन अब स्पीड ब्रेकर के पास ही वाहन पार्क किए जा रहे है. जिसके कारण हादसे की आशंका और बढ़ रही है. जिम्मेदारो को बड़े घटनाक्रम के घटित होने से पहले इस और ध्यान देने की जरुरत है.

### हाइवे पर मनमर्जी क स्टॉपेज...

शहर से गुजर रहे उज्जैन झालावाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग 552जी पर मोड़ी चौराहे से लेकर तहसील कार्यालय तक जगह-जगह वाहन चालकों ने अपने मनमर्जी से स्टॉपेज बना रखे हैं. वह अपनी मर्जी से ही हाईवे के किनारे ही वाहन को कहीं भी खड़ा कर देते हैं. जिसके कारण अन्य वाहन चालकों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. कई बार दुर्घटनाएं भी हो जाती है ऐसी स्थिति मंडी चौराहे पर व मोडी चौराहे पर एवं मार्ग के किनारे जगह-जगह देखने को मिलती है.

### शहरी हाइवे पर इन्हें होती है ज्यादा परेशानी

हाइवे पर खड़े रहने वाले इन वाहनों के कारण सबसे अधिक परेशानी दोपहिया वाहन चालको को होती है. रात के समय यह परेशानी और भी अधिक हो जाती है. हाईवे से गुजरने के दौरान इन वाहनों के समीप से गुजरना खतरों भरा होता है. हाईवे पर खड़े रहने वाले यह वाहन रात के अंधेरे में और भी खतरनाक हो जाते है. बावजूद कही किसी पर रोक टोक नहीं है.

### देशी कट्टे व कारतूस के साथ गिरफ्तार

**शाजापुर, 7 अप्रैल.** लालघाटी पुलिस ने थाना परिसर में अपने वाहन पर अवैध हथियार व कारतूस लेकर पहुंचे एक व्यक्ति को हथियार व जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है. जानकारी के अनुसार थाना परिसर में पैसों के लेन-देन को लेकर कुछ लोग विवाद कर रहे थे. इस दौरान धर्मेन्द्र पिता मनोहर जाट निवासी लोंदिया कह रहा था कि मैं कृष्णपाल राजपूत को बंदूक से फोड़ दूंगा. बाद में दोनों पक्षों को पुलिस द्वारा समझाया गया. हालांकि पुलिस ने धर्मेन्द्र जाट की बाइक पर रखे बैग की तलाशी ली, तो उसमें से एक 12 बोर का देशी कट्टा एवं 5 जिंदा कारतूस मिले, जिन्हें पुलिस ने विधिवत जब्त किया. आरोपी के पास लायसेंस भी नहीं पाया गया. इस पर लालघाटी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया. इस कार्रवाई में टीआई अर्जुनसिंह मुजाल्दे, हेमंत पटेल, प्रमोद नागर, मुकेश पटेल, जितेंद्र यादव, निलेश नागवंशी, जसवंत जाटव, सीताराम पाटीदार की सराहनीय भूमिका रही.